उद्देश्य : इस अध्याय के अंत में आप सीख पायेंगें

- चेहरे की रूप रेखा और विशिष्टता को उभारना
- अनचाहे निशानों को छिपाने की कला
- चेहरे के आकार को सुधारना
- सुधारात्मक मेकअप विधि द्वारा गाल,नाक,होठं और जबडे का सुधार।

## मूल सुधारात्मक रूपसज्जा (Corrective makeup)

शोधक मेकअप या सुधारकत्मक मेकअप में मुख्यरूप से हल्के और गहरे रंग का प्रयोग कर चेहरे की रूपरेखा और विशिष्टता को उभारने पर विशेष बल दिया जाता है जिसे दृष्टि भ्रम भी कहते है।

छलावरण - किसी विशिष्ट उत्पादक की मदद से त्वचा के अवांछित और अनचाहे निशानों को छिपाने की कला को छलावरण कहते है जैसे

- जन्म चिह्न
- कोलास्मा
- सफेद दाग
- मुहासों के दाग
- जलने के निशान
- गोदना

त्वचा को सही रंगत प्रदान कर सर्वश्रेष्ट परिणाम प्राप्त करने के लिए हमेशा सही उत्पादकों का चयन करना चाहिए जैसे

डर्माकलर - छिड़कने के पश्चात यह 24 घंटे तक जल प्रतिरोधक काकार्य करता है।

केरोमॉस्कः यह 8 घंटे तक चलता है।

विशिष्टता प्रकट करना - इस प्रक्रिया में चेहरे के सुन्दर भागों को हल्के मेकअप द्वारा उभारा जा सके।

चेहरे के निम्नलिखित भागो का सुधारात्मक मेकअप :-






1 गाल (Cheeks)


2 नाक (Nose)

3 होंठ (lips)

4 जबडा (jaws)

| चेहरे के भाग | चेहरे के प्रकार | मूल सुधारात्मक रूप सज्जा (छायावरण / विशिष्टता) | चित्र |
|---|---|---|---|
| गाल | अण्डाकार : | इस आकार के चेहरे में रूपसज्जा की आवश्यकता नही होती है। कान के समानात्मर त्रिभुज के आकार में ब्लशर का उपयोग करें और ऊपर की तरफ कानपटटी की और फैलाए । | (Fig 45)  |
| | गोल चेहरा | चेहरे को पतला दिखाने के लिए सिर के ऊपरी भाग से छायावरण (shading) करें । | (Fig 46)  |

| | | | |
|---|---|---|---|
| चौकोर चेहरा (Square face) | | सिर के ऊपरी भाग और गालो के हड्डियों के क्षेत्र मे छायावरण का उपयोग करें। ब्लशर का प्रयोग चक्राकार गति में करते हुए सिर के ऊपरी भाग तक जाएं। | (Fig 47)  |
| आयताकार चेहरा (Rectangular face) | | माथे का विशेष ध्यान दें। ठोढी के बगल के हिस्से और जबडे की रेखा के कोणों पर छायावरण करें। गालो के भरे हुए हिस्से पर ब्लशर का प्रयोग करते हुए ऊपरी भाग तक ले जाएं। | (Fig 48)  |
| त्रिकोणीय चेहरा (Triangular face) | | माथे पर विशेष बल दे नुकीली ठोढी पर छायावरण प्रयोग करें। ब्लशर का प्रयोग गाल के नीचे सिरे से ऊपरी भाग की तरफ ऊपर और नीचे की दिशा में करें। | (Fig 49)  |
| उलटा त्रिकोण (Heart shape) | | छायावरण उत्पादको का प्रयोग केशरज्जू (hair line) पर करें। गाल की हड्डियों पर ब्लशर का प्रयोग करें। | (Fig 50)  |
| डायमंड (Diamond) | | गालो की हड्डियों पर ब्लशर का प्रयोग करें। सिरे के ऊपरी भाग और जबडे की रेखा पर विशेष बल दें। | (Fig 51)  |
| नाक (Nose) | बडी | नाक पर गहरे फाउंडेशन का प्रयोग करें। नाक के पास ब्लशर का प्रयोग न करें। हल्के रंग का फाउंडेशन लगाएं। | (Fig 52)  |
| | छोटी | नाक के मध्य भाग और आंखो के बीच हल्के फाउंडेशन का प्रयोग करें। |  |
| | चौडी | नाक की नासछिद्र के बगल मे गहरे फाउंडेशन का प्रयोग करें। | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | नाक के माध्यम भाग मे हल्के फाउडेशन को लगाए। |  |
| होंठ (Lips) | पतले | होंठ पर पैसिंल के द्वारा मनचाहा आकार रेखांकित करें। पाउडर से अवशोषित के पश्चात फिर से रंग लगाएं | (Fig 53)  |
| | बडे | होंठो के प्राकृति रेखा के ठीक अन्दर एक महीन रेखा बनाएं होंठो पर चमकीले उत्पादको के प्रयोग से बचें। |  |
| जबडा (Jaw line) | नुकीला | ठोडी की लम्बाई कम करने के लिए छायावरण उत्पादको का प्रयोग करें। हल्के रंग के फाउंडेशन को जबडो के किनारो पर लगाएं और विशिष्टता दें। | (Fig 54) |
| | चौडा | जबडे की रेखा को छायावरण करें और ठोढी पर विशिष्टता दें। | |

